

रविंद्र सिंह आनंद ने किया प्रेमपुर माफी, बाजावाला क्षेत्र में जनसंपर्क।

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव को धार देने के लिए भाजपा की वर्चुअल जनसभाएं शुरू

**संवाददाता** देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खुले मैदान में जनसभाओं के आयोजन पर रोक लगाने के बाद अब भाजपा वर्चुअल माध्यम से जनता तक पहुंच बना रही है। इस कड़ी में मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से जनसभा को संबोधित किया। इस दरान सीएम ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उत्तराखंड में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसके लिए राजनीतिक दल मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचाने में जुटे हैं। कोरोना संक्रमण के लगातार हो रहे प्रसार को देखते हुए आयोग ने भीड़ एकत्र कर जनसभा पर रोक लगा दी है।

### कोहरे के कारण देहरादून पंतनगर फ्लाइट रद

**संवाददाता** देहरादून। तराई में पिछले एक सप्ताह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पूरे दिन कोहरे के बीच लोग ठिठुरते रहे। जिस कारण देहरादून पंतनगर फ्लाइट रद कर दी गई है। रोडवेज बसों की सवारियों में भी काफी कमी देखने को मिल रही है। पंतनगर एयरपोर्ट के निदेशक राजीव पुनेठा ने बताया कि दून से पंतनगर को आने वाली फ्लाइट एक दिन पहले ही मौसम खराब के चलते रद कर दी गई थी।

### औली के लिए आठ दिन बाद फिर रोपवे का संचालन शुरू

**संवाददाता** आठ दिन बाद जोशीमठ से औली के बीच रोपवे का संचालन शुरू कर दिया गया है। रोपवे का संचालन करने वाले कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित होने के इसे अभी तक बंद रखा गया था। मंगलवार से पर्यटक रोपवे जरिये औली तक पहुंच पाएं। यहां पैदल मार्ग पर बर्फ जमी होने के कारण पर्यटकों को दिक्कतें हो रही थी। रोपवे और चेयर लिफ्ट बंद होने से निगम को 70 लाख से अधिक का राजस्व का नुकसान भी हुआ है। रोपवे और चेयर लिफ्ट के 22 कर्मचारियों का कोविड टेस्ट किया था, जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए।

### क्राउन वर्ल्डवाइड ग्रुप ने चंडीगढ़ में खोला रिकॉर्ड्स मैनेजमेंट सेंटर

**संवाददाता** देहरादून। क्राउन वर्ल्डवाइड ग्रुप, जो अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स और संबंधित सेवा कंपनियों का दुनिया का सबसे बड़ा निजी तौर पर धारित समूह है, ने चंडीगढ़ में नया अत्याधुनिक रिकॉर्ड्स मैनेजमेंट सेंटर खोला। ग्राहकों को एक उन्नत स्तर की सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, यह फैसिलिटी नई दिल्ली और लुधियाना के अलावा भारत के उत्तरी भाग में तीसरा रिकॉर्ड्स मैनेजमेंट सेंटर है। टीम अच्छी तरह से अनुभवी और व्यावसायिक जरूरतों को संभालने के लिए सुसज्जित है।

# हरीश रावत मेरे बड़े भाई मांग सकता हूं 100 बार माफी

**सियासत**

■ हरक सिंह रावत के साथ उनकी बहू अनुकृति भी करेंगी कांग्रेस जॉइन

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से निष्कासित किए गए पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत फिर से कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं। हरक सिंह रावत के साथ उनकी बहू अनुकृति भी कांग्रेस जॉइन करेंगी। रावत अपनी बहू के साथ दिल्ली में पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं।

वहीं हरक सिंह रावत ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि मैंने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से बात की है। वह मुझे जल्द ही अपना निर्णय बताएंगे और मैं उसी के आधार पर अपने फैसले लूंगा। उन्होंने कहा कि वह हरीश रावत मेरे बड़े भाई हैं। मैं उनसे सौ बार माफी मांग सकता है। मैं उत्तराखंड का विकास चाहता हूं।



**झटका खाने से पहले ही भाजपा ने हरक को हटायाः** भाजपा ने हरक सिंह रावत को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सख्ती और तेजी दिखाते हुए हरक की मंत्रिमंडल से छुटटी कर दी थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, हरक सिंह रावत विधानसभा चुनाव में पार्टी से अपने परिवार के लिए तीन टिकट की मांग कर रहे थे। उन्हें केदारनाथ या कोटद्वार विधानसभा सीट से टिकट की पेशकश हो गई थी। लेकिन वह लगातार दबाव बना रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, हरक ने कांग्रेस को पांच सीटें खाली रखने के लिए कहा है। पार्टी ने हरक को केदारनाथ या कोटद्वार सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दे दिया था। लेकिन लैंसडौन सीट पर उनकी पुत्रवधू की टिकट डिमांड को खारिज कर दिया। हरक एक और टिकट चाह रहे थे। पार्टी की मनाही के बाद वह दिल्ली पहुंच गए थे।

**ब्रैक फास्ट और डिनर डिप्लोमेसी फेलः** पूर्व कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य और हरक सिंह को को भी प्रदेश सरकार मनाने में नाकाम रही। आर्य के पार्टी छोड़ने से पहले मुख्यमंत्री ने उनके साथ बाकायदा ब्रैक फास्ट किया था। आर्य ने सरकार से अपने काम कराए और बाद में विधायक बेटे के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके बाद हरक सिंह रावत कोट्वार मेडिकल कॉलेज के लिए धनराशि मंजूर कराने को लेकर कोपभवन में चले गए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें डिनर की टेबल पर मनाया। उनकी मांग के अनुसार, 25 करोड़ की मंजूर किए। उसके बाद हरक सिंह के भी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में जाने की खबरें आ गईं।

मैं कहीं भी किसी के पीछे जाने वाला नहीं हूंरू केदार सिंह

यमुनोत्री विधायक केदार सिंह रावत भाजपा छोड़ने के कयासों पर विराम लगाया है। हरक सिंह रावत प्रकरण के बाद से केदार सिंह रावत के पार्टी छोड़ने के सोशल मीडिया में कयास लगाए जा रहे थे। केदार सिंह रावत ने सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर कहा कि मैं कहीं भी किसी के पीछे जाने वाला नहीं हूं।

हरक सिंह प्रकरण की आंच युमनोत्री विधान सभा क्षेत्र तक पहुंची है। हरक सिंह के भाजपा से निष्कासन के बाद यमुनोत्री विधायक केदार सिंह रावत के भी पार्टी छोड़ने के कयास लगाए जा रहे थे। जिस पर केदार सिंह रावत ने सोशल मीडिया में वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखा है। वीडियो में केदार सिंह रावत कह रहे हैं कि मुझे भाजपा के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है। जब भी प्रदेश में उम्मीदवारों की सूची जारी होगी तो उसमें मेरा भी नाम होगा। आप लोगों को किसी भी प्रकार से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। क्योंकि आजकल कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर अनर्गल चर्चाएं चल रही हैं।

### टिकटों की घोषणा हरक एपीसोड के पूरा होने के बाद

विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में अब टिकटों की घोषणा हरक एपीसोड के पूरा होने के बाद ही होगी। वहीं पार्टी की स्क्रीनिंग कमेटी ने फंसी हुई सीटों पर एक बार फिर मंथन बैठक कर पैनल तैयार कर लिए हैं, जिन्हें मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) को सौंपा जाएगा।

# उत्तराखंड में आए कोरोना के चार हजार से अधिक मामले

**कोरोना विस्फोट**

■ राज्य में अब कोरोना के सक्रिय मामले 20 हजार के पार पहुंच गए

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण की रफ्तार थम नहीं रही है। आज मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 4448 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब कोरोना के सक्रिय मामले 20 हजार के पार पहुंच गए हैं। इस संख्या 20620 हो गई। वहीं, आज छह मरीजों की कोरोना से मौत भी हुई है। जबकि 1865 मरीज स्वस्थ भी हुए।

उत्तराखंड में अब कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की 20 हजार से अधिक यानी 20620 पर पहुंच गई है। देहरादून में सबसे अधिक 8664 सक्रिय मामले हैं। इसके अलावा नैनीताल में 2884, हरिद्वार में 2799 और ऊधमसिंह नगर में 2077 सक्रिय केस हैं।

**कोविड के मद्देनजर सरकार ने फिर अधिग्रहित किए अस्पताल**

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के मद्देनजर ऋषिकेश और हल्द्वानी में डीआरडीओ के सहयोग से बनाए गए 500–500 बेड के अस्पतालों का फिर से अधिग्रहण कर लिया है। इनका अधिग्रहण मार्च तक के लिए किया गया है। इस अवधि में इन अस्पतालों में आने वाले मरीजों का पूरा खर्च स्वास्थ्य विभाग उठाएगा। प्रदेश में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। इस समय प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 18 हजार से अधिक एक्टिव केस हैं। प्रतिदिन तीन हजार से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। अधिकांश सरकारी अस्पतालों को पूर्ण रूप से कोविड अस्पतालों में बदल दिया गया है। कोविड केयर सेंटर बनाए जा रहे हैं।

**देहरादून में मिले सबसे अधिक 1687 लोग कोरोना संक्रमित**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, आज मंगलवार को देहरादून में सबसे अधिक 1687 लोग संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा हरिद्वार में 582, नैनीताल में 644, ऊधमसिंह नगर में 398, पौड़ी में 270, टिहरी में 157, उत्तरकाशी में 45, पिथौरागढ़ में 30, रुद्रप्रयाग में 75, चंपावत में 104 , चमोली में 202 व बागेश्वर में 81 लोग संक्रमित मिले हैं।

वहीं पुलिस मुख्यालय में तेजी से बढ़ते कोरोना संक्रमितों की संख्या के बाद हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। स्थिति यह है कि ब्रांचों में तैनात पुलिस अधिकारी वह कर्मचारी जो भी अपना आरटीपीसीआर टेस्ट करवा रहे हैं, उनकी रिपोर्ट पाजिटिव आ रही है। दो–तीन दिनों से लगातार पुलिसकर्मी अपने टेस्ट करवा रहे हैं और जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। उन्हें घर भेज दिया जा रहा है।

### जनता ने आशीर्वाद दिया तो विस के ज्वलंत मुददों का करूंगा समूल नाश

**संवाददाता** देहरादून।' आम आदमी पार्टी के कैंट विधानसभा प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि देहरादून कैंट विधानसभा की जनता ने आशीर्वाद दिया तो विधानसभा के ज्वलंत मुददों क समूल नाम करूंगा।

रविंद्र सिंह आनंद ने बताया कि प्रेमपुर माफी, बाजावालाा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान हम लोगों से मिले और लोगों में खासा गुस्सा है दोनो पार्टियों पर। लोगों का साफ कहना है कि वे अब दोनों ही पार्टियों के उक्ता चुके है। लोगों का कहना था कि दोनों ही पार्टियों के जनप्रतिनिधियों ने अब तक जनता का पागल बनाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग वोट मांगने आते है और फिर पांच साल तक शक्ल भी नहीं दिखाते। उनका कहना था कि जनता उन्हें मात्र वोट तक ही प्यारी होती है हम यदि अपनी समस्याएं लेकर भी जाते है तो उनका समाधान नहीं होता। ऐसे में उनका जितवा कर लाकर हम ही खुद ठगा सा महसूस करते है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।